## सार-समाचार

### सोने की चैन तोड़कर भागने वाली गैंग के तीन सह-आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। जीआरपी पुलिस टीम ने ट्रेन मे यात्रा के दौरान महिला यात्री के गले पर झपट्टा मारकर सोने की चैन तोड़ने के मामले में कार्यवाही करते हुए गैंग के तीन सह-अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जीआरपी थानाधिकारी ने बताया कि हजरत निजामुद्दीन तिरूअन्तपुरम सुपरफास्ट एक्सप्रेस के कोटा पहुंचने पर यात्रा के दौरान महिला यात्री के गले पर झपट्टा मारकर सोने की चैन तोड़कर भागने के मामले में पकड़े गये मुख्य आरोपी युवराज सिंह चन्देल के तीन सह-आरोपी आलोक झा, सूरज भिसे, और आसिफ चौधरी को भी गिरफ्तार किया गया है। जीआरपी थानाधिकारी ने बताया कि 24 मार्च को हजरत निजामुद्दीन तिरूअन्तपुरम सुपरफास्ट एक्सप्रेस एक्सप्रेस में महिला यात्री विजय एलवीतिल ने रिपोर्ट दी थी कि ट्रेन के कोटा पहुंचने पर चलती ट्रेन से झपट्टा मारकर सोने की चैन तोड़कर ले गया। जिस पर मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्यवाही करते हुए युवराज सिंह चंदेल को गिरफ्तार किया था। मामले में तीन सह-आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### पोषण किट वितरित किये

**कोटा,** (निसं)। जे.के.लोन अस्पताल में भर्ती प्रसूति महिलाओं को पोषण किट वितरित किए साथ ही जिन्होंने कन्या रत्न को जन्म दिया है उन माताओं और नवजात कन्याओं का माला पहनाकर सम्मान किया गया। क्लब फाउंडर उमा पाठक ने बताया कि सभी क्लब सदस्यों के अंशदान से 50 से अधिक प्रसूति महिलाओं और नवजात कन्याओं एवं नवजात बालकों को कुपोषण से बचाने हेतु बदाम, खोपरा गोला, मखाने, ड्राई फ्रूट्स, दलिया, मूंग दाल गुड, अजवाइन, व बिस्किट के पैकेट आदि जच्चा बच्चा को भेंट किया गये। कार्यक्रम का संयोजन कोषाध्यक्ष संजना अग्रवाल, सरिता परियानी, राशन बैंक अध्यक्ष पूजा कत्याल ने किया। इस अवसर क्लब सह-संचालक रमा नैयर, संरक्षक पुष्पलता शर्मा, सचिव ज्योति सुवालका, नीतू गौड़, सलाहकार शशि सिंह, रानी शर्मा, सांस्कृतिक सचिव रजनी मोदी, तृप्ति योजना प्रभारी प्रवीण शर्मा, रेनू चावला, मोना अवस्थी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में जे.के.लोन अस्पताल की अधीक्षक एवं नर्सिंग स्टॉफ का विशेष सहयोग रहा।

### कार्यशाला आयोजित

**कोटा,** (निसं)। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की संभाग स्तरीय अंतर्विभागीय कार्यशाला बुधवार को होटल लीलाक में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं परिक्षेत्र कोटा डॉ. एमपी सिंह ने की। बैठक में कोटा, बारां, बूंदी एवं झालावाड़ के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, खंड मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग, अतरिक्त नोडल अधिकारी आरबीएसके शामिल हुए। बैठक में सभी जिलों की वार्षिक प्रगति की समीक्षा की गई एवं आगामी एक अप्रैल से शुरू हो रही आंगनबाड़ी स्क्रीनिंग हेतु दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही डॉ.एमपी सिंह द्वारा अब तक रेफर किए गए सभी बच्चों का व्यवस्थित रूप से जिला एवं संभाग स्तर पर साप्ताहिक ट्रीटमेंट डे आयोजित कर शत-प्रतिशत उपचार करवाने के निर्देश दिए। स्क्रीनिंग माइक्रो प्लान समय पर तैयार कर शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ साझा कर सामंजस्य स्थापित कर कार्य करने पर जोर दिया ताकि राष्ट्रीय कार्यक्रम का सफल संचालन हो सके।

### जान बचाने पर पुलिसकर्मी सम्मानित

**कोटा,** (निसं)। जिला झालावाड के खंडीया तिराहे पर ड्यूटी के दौरान खंडीया तालाब में डुबते हुए व्यक्ति की जान बचाने वाले दो पुलिसकर्मियों को पुलिस महानिरीक्षक रविदत्त गौड ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। पुलिस महानिरीक्षक रवि दत्त गौड ने बताया कि यातायात शाखा जिला झालावाड़ में पदस्थापित कांस्टेबल गुलाबचंद और कांस्टेबल रामावतार 19 मार्च को खंडिया तिराहे पर ड्यूटी कर रहे थे। इस दौरान एक बच्चे ने अपने पिता सुरेश पारेता की खंडिया तालाब के दलदल में फंसने व डुबने की सूचना दोनों पुलिसकर्मियों को दी। जिस पर दोनों कांस्टेबल ने स्वविवेक से उचित निर्णय लेकर डुबे व्यक्ति सुरेश पारेता को तालाब से बाहर निकाल कर उसकी जान बचाई। जिस पर दोनों कांस्टेबलो को नकद ईनाम मय प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### मादक पदार्थ में वांछित ईनामी आरोपी डिटेन

**कोटा,** (निसं)। रामपुरा कोतवाली पुलिस टीम ने मादक पदार्थ के मामले में वांछित चल रहे ईनामी आरोपी को डिटेन किया। डिटेन किये गये आरोपी को मामले में अनुसंधान के लिये कैथूनीपोल थाने को सुपुर्द किया गया। रामपुरा कोतवाली के थानाधिकारी महेश कुमार कारवाल ने बताया कि 13 मार्च को अवैध मादक पदार्थ 5 ग्राम 28 मिलीग्राम स्मैक सहित आरोपी करबला निवासी मोहम्मद अयाज को गिरफ्तार किया था। मामले का अनुसंधान कैथूनीपोल थानाधिकारी पुष्पेन्द्र बंशीवाल द्वारा किया जा रहा था, अनुसंधान में पकड़े गये आरोपी ने अवैध मादक पदार्थ स्मैक को आरोपी एजाज से खरीद कर लाना बताया जो घटना के बाद से फरार चल रहा था।

# मोशन एजुकेशन ने लॉटरी निकालकर स्कॉलरशिप दी

■ देशभर के 78 हजार स्टूडेंट्स ने किया ऑनलाइन आवेदन

**कोटा,** (निसं)। मोशन एजुकेशन की ओर से बुधवार शाम जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप देने के लिए लॉटरी निकली गई। इसके लिए देशभर के 78 हजार स्टूडेंट्स ने ऑनलाइन आवेदन किया।

आवेदन करने वाले इन विद्यार्थियों में से हर पांच में से एक को अमृत कोर्स निशुल्क प्रदान किया गया। यह विद्यार्थी मोशन लर्निंग एप के जरिए नीट या जेईई की ऑनलाइन तैयारी कर सकेंगे। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि मोशन गत 4 वर्ष से अपने यू-ट्यूब चैनल्स और दूसरे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से हुई कमाई से जेईई और नीट स्टूडेंट्स को यह स्कॉलरशिप दें रहा है। इसमें प्रथम पुरस्कार के लिए दीपककुमार यादव का नाम निकला। उनको मोशन के ध्रुव रेजीडेंशयल कैम्पस में एडमिशन मिलेगा। उनको कोटा क्लास रूम कोचिंग की फीस और रहने-खाने का खर्च (करीब तीन लाख रुपए से अधिक की स्कॉलरशिप) दिया जाएगा। 61 छात्र-छात्राओं को कोटा मोशन या इसके किसी भी लर्निंग सेंटर पर क्लास रूम कोचिंग निशुल्क देने की घोषणा की। इनमें जो स्टूडेंट्स पढ़ने के लिए मोशन में नहीं आ पाएंगे, उनको अनुशासन बैच के जरिए ऑनलाइन लाईव पढ़ाया जाएगा।

इसके अलावा दस दिव्यांग स्टूडेंट्स को अलग से सौ प्रतिशत स्कॉलरशिप दी गई। 301 क्लासरूम स्टूडेंट्स को 25,000, 501 को 45,000 और 1101 स्टूडेंट्स को 70,000 रुपए में कोटा क्लास रूम कोचिंग देने की घोषणा की गई। लॉटरी के लिए मोशन में पढ़ रहे स्टूडेंट्स ने भी एप्लाई किया। इनमे से तीन विद्यर्थियों-आसुतोष मौर्य, मोहम्मद उमर अंसारी और यश की फीस लौटकर क्लासरूम कोचिंग निशुल्क दी जाएगी।

सैनिकों और पुलिसकर्मियों के बच्चों को मोशन देगा फीस की 50 फीसदी छात्रवृत्ति-नितिन विजय ने बताया कि देशभर में स्थित मोशन के स्टडी सेंटर्स में भी लॉटरी निकलकर 546 स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप दी जाएगी। इसके अलावा उन्होंने सैनिकों और पुलिसकर्मियों के बच्चों को फीस की 50 फीसदी छात्रवृत्ति देने की घोषणा भी की।

इस दौरान मोशन एजुकेशन के चेयरमैन सुरेंद्र विजय, डायरेक्टर सुशीला विजय, डॉ.स्वाति विजय, जॉइंट डायरेक्टर रामरतन द्विवेदी, अमित वर्मा सहित कई सीनियर फेकल्टी मौजूद थे। कार्यक्रम का यूट्यूब पर सीधा प्रसारण किया गया। इस दौरान 53 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स ऑनलाईन लाईव जुड़े हुए थे।

### हिंदी कार्यशाला एवं पुस्तक प्रदर्शनी

**कोटा,** (निसं)। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय कोटा में बुधवार को अधिकारी वर्ग के लिए हिंदी कार्यशाला एवं पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए राजभाषा हिंदी के प्रयोग प्रसार के लिए व्यावहारिक उपायों पर चर्चा की।

## जानलेवा हमले के दो दोषियों को पांच साल की सजा सुनाई

**कोटा,** (निसं)। जानलेवा हमले के करीब साढ़े 5 साल पुराने मामले में अपर जिला एवं सेशन न्यायालय क्रम-5 ने दो आरोपियों को दोषी मानते हुए 5-5 साल की सजा सुनाई। फायरिंग कर जानलेवा हमले के मामले में अपर जिला एवं सेशन न्यायालय क्रम-5 के न्यायाधीश ने मामले में सुनवाई करते हुए पकड़े गये आरोपी तौफिक उर्फ ढक्कन और शाकिब उर्फ मुर्गा को दोषी मानते हुए 5-5 साल की सजा सुनाई साथ ही 29-29 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। मामले में न्यायालय ने एक आरोपी राजेन्द्र सिंह उर्फ राजू को मामले से बरी किया। अपर लोक अभियोजक संजीव विजय ने बताया कि 13 जुलाई 2019 को परिवादी संदीप सोलंकी ने कैथूनीपोल थाने में रिपोर्ट दी। परिवादी ने रिपोर्ट में कहा कि 12 जुलाई 2019 की रात्रि को वह अप्पू, सुरेन्द्र के साथ घर के बाहर बैठा हुआ था। परिवादी ने कहा कि तभी बाईक से तौफिक उर्फ ढक्कन आया बाईक पर दो जने और बैठे थे बाईक को शाकिब उर्फ मुर्गा चल रहा था। परिवादी ने कहा कि तौफिक व अन्य ने जान से मारने की नियत से अचानक से फायरिंग कर दी। जिसमें वह बाल-बाल बच गये, फायरिंग की आवाज से मौके पर भीड़ जमा हो गई जिस पर तौफिक व अन्य फरार हो गये।

पुलिस ने परिवादी की रिपोर्ट पर 307 सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया और मामले में अनुसंधान करते हुए मोखापाडा निवासी तौफिक उर्फ ढक्कन, विज्ञान नगर निवासी शाकिब उर्फ मुर्गा व इन्द्राकॉलोनी निवासी राजेन्द्र सिंह उर्फ राजू को गिरफ्तार किया।

### सहायक उपकरण वितरण आज

**कोटा,** (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा कृषि प्रबंधन केन्द्र सिआम ऑडिटोरियम नयापुरा में 27 मार्च, गुरूवार को दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किये जायेंगे। विभाग की संयुक्त निदेशक सविता कृष्णिया ने बताया कि इसके लिए महाराव भीमसिंह राजकीय अस्पताल स्थित भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति में बुधवार को दिव्यांगजनों को उनकी पात्रता, आवेदन अनुसार ट्राईसाईकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, छड़ी एवं नेत्रहीन दिव्यांगों को ब्लांइड स्टीक आदि सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए आवेदकों का चयन किया गया है। ऐसे दिव्यांगजन जिन्हें ट्राईसाईकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, छड़ी एवं नेत्रहीन दिव्यांगों को ब्लांइड स्टीक आदि सहायक उपकरणों की आवश्यकता हो वे दिव्यांगजन अपने दिव्यांग प्रमाण पत्र, यू.डी.आईडी कार्ड आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र (पेंशन स्वीकृति आदेश) आदि दस्तावेजों के साथ अपना पंजीयन करवाकर सिआम ऑडिटोरियम में सहायक उपकरण प्राप्त कर सकते हैं।

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-79 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-26.3.25

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा की विनोबा भावे नगर "निर्धन को आंगन" योजना के भूखंड/आवास संख्या 1614 का आवंटन/रजि./हस्तान्तरण न्यास के पत्र दिनांक 24.04.2010 को श्रीमती सीता देवी पत्नी श्री पं. मदनलाल शर्मा को किया गया था। आवंटी की मृत्यु दिनांक 30.03.2014 को हो चुकी है। मृत्यु उपरांत विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, रिलीज डीड (हक त्याग), शपथ पत्र, वारिसान शपथ पत्र, आई.डी. इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखंड/आवास का अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 1614 योजना विनोबा भावे नगर "निर्धन को आंगन" का नाम हस्तान्तरण श्री बेणी प्रसाद पुत्र श्री मदनलाल शर्मा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2025/227 दिनांक:-26.03.25

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखंड संख्या E-4 रॉयल पार्क रायपुरा योजना कोटा का आवंटन न्यास के पत्र दिनांक 31.03.2015 द्वारा श्री मुकेश मीणा पुत्र श्री धन्नालाल मीणा को आवंटित किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखंड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री अलाउद्दीन पुत्र श्री बाबूलाल के द्वारा जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 04.01.2023 को श्रीमती रितु गौत्तम पत्नी श्री श्याम बिहारी को विक्रय कर दिया गया है। उक्त आवास/भूखंड विक्रेता श्रीमती रितु

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि जिस किसी को भी उक्त आवास/भूखंड का हस्तांतरण किए जाने में कोई आपत्ति हो तो 7 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास/भूखंड संख्या E-4 रॉयल पार्क रायपुरा योजना कोटा के स्वामित्व हस्तांतरण की स्वीकृति श्रीमती रितु गौत्तम पत्नी श्री श्याम बिहारी के नाम कर दी जायेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

**कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण, राजस्थान**

क्रमांक:-ननि (दक्षिण) को/उपा.रा./2025/7375-76 दिनांक:-25.3.25

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को जर्ये आम सूचना सूचित किया जाता है कि श्री उमाशंकर बसवाल पुत्र श्री प्रभूलाल निवासी बसवाल विला 17 रॉयल एन्क्लेव देवली अरब रोड बोरखेडा कोटा नगर निगम कोटा की होटल/रेस्टोरेन्ट/मैस उपविधि 2016 के अनुसार "DRINX RESTRO BAR" प्लॉट नं. 15 स्टोन मण्डी अन्नतपुरा योजना कोटा में संचालन करने की अनुमति चाही गई है।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में राजीव गांधी भवन नगर निगम कोटा के ब्लॉक "ए" के प्रथम तल के कमरा नं. 238 में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी तथा उपविधि 2016 के अनुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित हो।

राजस्व अधिकारी नगर निगम कोटा (दक्षिण)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)**

क्रमांक: LU2012/KOT/2024-25/100922 लोक सूचना दि.26.03.2025

श्री BIJENDRA BAIRWA पुत्र श्री JOHARI जाति BAIRWA निवासी WARD NO 0, FATEHPUR, FATEHPUR, KARAULI RAJEASTHAN श्री GIRIRAJ पुत्र श्री GANESH जाति KHATIK निवासी KAJIPURA DORAI KA RASTA KEKRI AJMER श्री GOVIND CHOUHAN पुत्र श्री HARI OM CHOUHAN जाति DHOBI निवासी KUNJADON KI MASJID KE PASS, SHRIPURA KOTA श्री KALU LAL पुत्र श्री CHHOTU LAL MEENA जाति MEENA निवासी 13 AMLIYO KA MOHALLA SANWAR DEHIT BUNDI श्री MOHAN पुत्र श्री SHYONATH जाति MEENA निवासी SAWAR DEHIT BUNDI RAJASTHAN श्री MUKESH KUMAR पुत्र श्री CHHOTU LAL MEENA जाति MEENA निवासी SAWAR DEHIT BUNDI RAJASTHAN श्री PAPPU LAL पुत्र श्री SHIV NATH जाति MEENA निवासी 33 PURANI BASTI SANWAR DEHIT BUNDI श्री RAJENDRA KUMAR पुत्र श्री SHYONATH जाति MEENA निवासी SAWAR DEHIT BUNDI RAJASTHAN श्री RAJESH KUMAR MEENA पुत्र श्री SHIV NATH जाति MEENA निवासी SAWAR DEHIT BUNDI RAJASTHAN ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लिखित भूमि का **आवासीय** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्:-

| क्र.सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संवर, तलेड़ा (बूंदी) | 1.PAPPU LAL S/O SHONATH, 2.MOHAN S/O SHONATH 3.RAJENDRA KUMAR S/O SHONATH 4.RAJESH KUMAR S/O SHONATH CASTE MEENA SA.DEH KHATEDAR | 273 | 24281 | 2.4281 |
| 2. | संवर, तलेड़ा (बूंदी) | 1.KALU LAL S/O CHHOTU LAL 2.MUKESH S/O CHHOTU LAL CASTE-MEENA SA.DEH KHATEDAR | 581/486<br>586/481<br>625/481 | 5908<br>4694<br>971 | 0.5908<br>0.4694<br>0.0971 |
| 3. | संवर, तलेड़ा (बूंदी) | 1.GIRIRAJ S/O GANESH CASTE KHATIK KEKRI AJMER KHATEDAR 2.BIJENDRA BAIRWA S/O JOHARI CASTE-BAIRWA FATEHPURA SAPOTRA KAROLI, 3. RAMESH CHANDEL S/O CHHOTU LAL CHANDEL CASTE KHATIK 6G51 VIGYAN NAGAR VISTAR YOJANA KOTA KHATEDAR | 246<br>249<br>263 | 3723<br>34155<br>5585 | 0.3723<br>3.4155<br>0.5585 |
| | | | | कुल | 7.9317 |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क औरा राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 26/03/2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

**आम-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार तौफीक अहमद पुत्र मरहूम लईक अहमद निवासी-631 नागर कॉलोनी शिव मंदिर मासूम अली दरगाह के पास छावनी रामचन्द्रपुरा कोटा (राजस्थान) के पिता लईक अहमद द्वारा जरिये इकरारनामा दिनांक 23.05.2019 को नन्दकिशोर प्रजापति पुत्र श्री छोटूलाल उर्फ छोटेलाल जी निवासी-1010 छावनी हरिजन बस्ती कोटा के मालिकाना स्वामित्व, कब्जे व आधिपत्य की पुश्तैनी आराजी 298/266 की रकबा 0.20 हैक्टेयर एरिया लगभग 45000 वर्गफीट वाके भाटिया वर्कशॉप के सामने ग्राम थेकड़ा तहसील लाडपुरा जिला कोटा (राजस्थान) में स्थित है, को खरीद किया था तथा मेरे पक्षकार के पिता श्री लईक अहमद का दिनांक 30.01.2025 को इन्तेकाल हो चुका है तथा तब से उक्त भूमि पर मेरे पक्षकार व उसके परिवारजन का श्री लईक अहमद के विधिक वारिसान होने के नाते कब्जा व अधिकार चला आ रहा है। अत: कोई भी अन्य व्यक्ति उक्त भूमि पर कब्जा करने अथवा उक्त भूमि को कही भी रहन, बेचान व अन्तरण करने का प्रयास ना करें, ना ही अन्य किसी व्यक्ति से कोई भी संव्यवहार करें अन्यथा उक्त संव्यवहार के लिए एवं बाद में होने वाले परिणामों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। कृपया सूचित हो।

दिनांक : 26.3.25

भवदीय
अतीश सक्सेना एडवोकेट

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री जाहिद हुसैन अंसारी पुत्र स्व. श्री मोहम्मद हुसैन अंसारी द्वारा उनके स्वामित्व की दुकान (बिना छत) भूखंड संख्या-282 के दक्षिणी-पूर्वी भाग शोपिंग सेन्टर कोटा (राज.) कोटा क्षेत्रफल 400 वर्गफुट है को डी.सी.बी.बैंक लिमिटेड शाखा कोटा में रहन रख ऋण प्राप्त किया जा रहा है। उक्त सम्पत्ति श्री जाहिद हुसैन अंसारी को अपने पिता स्व. श्री मोहम्मद हुसैन अंसारी द्वारा उनकी वसीयत से उनकी मृत्यु के पश्चात प्राप्त हुई है। उक्त वसीयतनामे का प्रमाणन नोटेरी पब्लिक साबिर मियां के रजिस्टर में क्रम संख्या 306 दिनांक 26.01.2016 को हो रहा है। यह कि उक्त सम्पत्ति श्री जाहिद हुसैन अंसारी को अपने पिता स्व. श्री मोहम्मद हुसैन अंसारी की मृत्यु के पश्चात उनके पुत्र-पुत्रियों द्वारा निष्पादित रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र (रिलीज डीड) से प्राप्त हुई है।

यह कि उक्त सम्पत्ति को रहन कर ऋण देने के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था या अन्य को किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता को 15 दिवस के भीतर सूचित कर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय
कमल गुप्ता एडवोकेट
एम.पी.ए. 53 महावीर नगर द्वितीय कोटा
मो. 9414288889

## कोटा स्टेशन पर घर से भागे नाबालिक को चेकिंग स्टॉफ ने सुपुर्द किया

**कोटा,** (निसं)। मंडल में कार्यरत फ्रंटलाइन स्टॉफ अपनी ड्यूटी निभाने के साथ कई जनसरोकार से जुड़े कार्य को करने की सराहनीय भूमिका निभाते है।

इसी क्रम में मंगलवार देर शाम कोटा स्टेशन पर 14-22 शिफ्ट में तैनात आनड्यूटी मुख्य टिकट निरीक्षक स्टेशन लक्ष्मीकांत मीणा के साथ चैकिंग स्टॉफ नरेंद्र सिंह चौधरी एवं विष्णु कुमारी ने चैकिंग ड्यूटी के दौरान यात्री प्रतीक्षालय में एक लड़का और लड़की संदिग्ध अवस्था में मिलें। जिससे पूछताछ करने पर आपसी रिश्ते के बारे में संतोषजनक नहीं दिए और अपने आप को दोनों भाई-बहन बता रहे थे जब उनसे कहा गया कि आप अपने माता-पिता से बात करों तो आनाकानी करने लगे और कहा कि पिताजी रात को 11.00 बजे आते हैं हमने कहा आपके परिवार के कोई सदस्य से बात करवा दो तो उन्होंने मना कर दिया।

चैकिंग स्टाफ ने उक्त मामलें सजगता दिखाते हुए आरपीएफ उप निरीक्षक सुमित रघुवंशी को सूचित किया। आरपीएफ पूछताछ से पता चला लड़का और लड़की घर से भागे हुए थे लड़की की उम्र 12 साल है और उनके खिलाफ उत्तरप्रदेश के बदायूँ थाने में एफआईआर दर्ज निकली। नाबालिक को परिवारजन की सुपुर्दगी के लिए आरपीएफ थाने द्वारा अग्रिम करवाई की जा रही है।

### अवैध रूप से बजरी परिवहन करते दो ट्रेलर जब्त

**कोटा,** (निसं)। नान्ता पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से बजरी परिवहन करते हुए दो ट्रेलर को जब्त किया। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि अवैध रूप से बजरी खनन व परिवहन के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत नान्ता थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी नवल किशोर शर्मा ने मय जाप्ता बूंदी रोड़ पर कार्यवाही करते हुए बजरी से भरे दो ट्रेलर को चैक करने पर विभाग द्वारा खनन नही होने व अवैध रूप से परिवहन करने पर दोनो ट्रेलर को डिटेन किया और आगे की कार्यवाही के लिये खनिज विभाग से पत्राचार किया।

**कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति छबड़ा जिला बारां (राज.)**

क्रमांक:पं.स./लेखा/निविदा/2024-2025/2202-07 निविदा सूचना दिनांक:-25.03.25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय उपयोग हेतु वित्तीय वर्ष 2025-2026 में निम्न सामग्री/सेवाओं के लिए संबंधित व्यवसायों/फर्मों/प्रदायको/व्यक्तियों से निम्नानुसार मुहरबन्द/खुली बोली निविदायें आमंत्रित की जाती है। अत: इच्छुक व्यवसायों/फर्मों/प्रदायको/व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित दिनांक एवं समय तक निम्न निविदायें निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत कर सकते है।

| क्र.सं. | विवरण | अनुमानित लागत (लाखों में) | निविदा प्रपत्र शुल्क | अमानत राशि (रुपये) | निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम दिनांक व समय सायं 5.00 बजे तक | निविदा प्रपत्र जमा की दिनांक व समय दोपहर 12.00 बजे तक | निविदा खोलने की दिनांक व समय दोपहर 2.00 बजे से |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्टेशनरी सामग्री आपूर्ति | 2.00 | 500 रु. | 4000 | 07.04.2025 | 08.04.2025 | 08.04.2025 |
| 2 | फोटो कापी कार्य | 1.50 | 500 रु. | 3000 | 07.04.2025 | 08.04.2025 | 08.04.2025 |
| 3 | कादरी बाग कास्त ठेका वर्ष वर्ष 2025-26 के लिए | | 500 रु.<br>500 रु. | 10000<br>10000 | अमानत राशि जमा कराने की दिनांक 07.04.2025 समय 1.00 PM तक | | खुली बोली दिनांक 07.04.2025 समय 4.00 PM से |
| 4 | हड्डी ठेका पंचायत समिति परिक्षेत्र वर्ष 2025-26 के लिए | | | | | | |
| 5 | आवास निरीक्षण एवं कार्यालय उपयोग हेतु वाहन | | | | आवेदन जमा करने की तिथि व समय 7.4.2025 समय 1.00 PM से | | |

नोट:- 1. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी। 2. सभी विवादों का न्याय क्षेत्र छबड़ा न्यायालय होगा। 3. प्रत्येक निविदा हेतु पृथक-पृथक डी.डी. विकास अधिकारी पंचायत समिति छबड़ा के नाम से ही देय स्वीकार होगी। 4. किसी भी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार निविदा समिति को होगा। 5. फोटो कॉपी कार्य निविदा हेतु दुकान पंचायत समिति परिसर से 200 मीटर की परिधि में होना चाहिए। 6. विस्तृत निविदा की शर्तें कार्यालय समय में देखी जा सकती है। 7. निविदा में स्थानीय फर्म को प्राथमकिता रहेगी।,

विकास अधिकारी
पंचायत समिति छबड़ा

**कार्यालय नगर पालिका भवानीमण्डी जिला झालावाड़ (राज.)**

क्रमांक:-न.पा.भ./भूमि/2025/943 दिनांक:-26.03.2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न आवेदकों ने नगरपालिका भवानीमण्डी में सीमान्तर्गत पट्टा/पट्टा नवीनीकरण/लीज हस्तांतरण/निर्माण स्वीकृति/अनापत्ति प्रमाण पत्र स्वीकृति हेतु प्रस्तुत की गई है। उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 7 योम कार्यालय नगरपालिका में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

| क्र.सं. | नाम/पिता, पति का नाम | स्थान | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती प्रेमलता खण्डेलवाल पत्नी श्री दिनेशचन्द्र खण्डेलवाल एवं श्रीमती शशी देवी पत्नी श्री रामेश्वर प्रसाद खण्डेलवाल | बालाजी चौराहा से गर्ल्स स्कूल चौराहा के पास भवानीमण्डी | निर्माण स्वीकृति |
| 2. | श्री कन्हैयालाल नागर आ. श्री गोपाल लाल | खाटूश्याम विहार-2 आवासीय कालोनी प्लॉट नं. 17 बांडिया बाग जाने वाले रास्ते पर मांडवी | निर्माण स्वीकृति |
| 3 | श्रीमती भगवती पाटीदार पत्नी श्री रामगोपाल पाटीदार | महालक्ष्मी नगर आवासीय कालोनी प्लॉट नं. 15 भवानीमण्डी | निर्माण स्वीकृति |
| 4 | श्री रामगोपाल पाटीदार आ. श्री मांगीलाल पाटीदार | महालक्ष्मी नगर आवासीय कालोनी प्लॉट नं. 16 भवानीमण्डी | निर्माण स्वीकृति |
| 5 | श्रीमती गिरिजा व्यास पत्नी श्री राकेश भट्ट | इन्द्र विहार आवासीय कालोनी प्लॉट नं. 103 भीमनगर भवानीमण्डी | निर्माण स्वीकृति |
| 6 | श्री महावीर सिंह मण्डलोई आ. श्री राम सिंह मण्डलोई | प्लॉट नं. 04 का पश्चिमी भाग एवं प्लॉट नं. 05 का पूर्वी भाग एस.एम.एस. नगर आवासीय कालोनी भवानीमण्डी | निर्माण स्वीकृति |
| 7 | श्री सुहेल खान जिलानी आ. श्री अब्दुल अजीज जिलानी | प्लॉट नं. 05 का पूर्वी भाग व प्लॉट नं. 06 एस.एम.एस. नगर आवासीय कालोनी भवानीमण्डी | निर्माण स्वीकृति |
| 8 | श्री सईदउद्दीन आ. श्री अब्दुल गफुर | प्लॉट नं. 04 का पूर्वी भाग एस.एम.एस. नगर आवासीय कालोनी भवानीमण्डी | निर्माण स्वीकृति |
| 9 | श्री दीपक कुमार सोनी आ. स्व. श्री श्यामलाल सोनी | बालाजी चौराहे से पावर हाउस रोड पर रामद्वारा के सामने वार्ड नं. 40 भवानीमण्डी | निर्माण स्वीकृति |
| 10 | श्रीमती सरिता देवी पत्नी श्री विनोद कुमार शर्मा | अनन्त विहार आवासीय कालोनी प्लॉट नं. ए-35 का पूर्वी भाग व ए-35 का पश्चिमी भाग भवानीमण्डी | प्लॉट का पूर्नगठन |
| 11 | श्रीमती संगीता तंवर पत्नी श्री संतोष कुमार बारेशा | कृष्णा नगर (सुमेर) आवासीय कालोनी प्लॉट नं. 116 का 1/2 हिस्सा | प्लॉट का उपविभाजन |
| 12 | श्री सुरज आ. श्री मांगीलाल | प्लॉट नं. ए-267 का पश्चिमी भाग रेलवे क्रासिंग के पास अनन्त विहार आवासीय कालोनी भवानीमण्डी | प्लॉट का उपविभाजन |
| 13 | श्री सूरज आ. श्री मांगीलाल | प्लॉट नं. ए-267 का पश्चिमी भाग अनन्त विहार आवासीय कालोनी भवानीमण्डी | प्लॉट का उपविभाजन |
| 14 | श्रीमती मीरा बाई पत्नी श्री बापूलाल | अनन्त विहार आवासीय कालोनी प्लॉट नं. सी-86 का दक्षिणी भाग भवानीमण्डी | प्लॉट का उपविभाजन |
| 15 | श्रीमती मीरा बाई पत्नी श्री बापूलाल | अनन्त विहार आवासीय कालोनी प्लॉट नं. सी-86 का दक्षिणी भाग भवानीमण्डी | लीज हस्तान्तरण |
| 16 | श्रीमती संगीता तंवर पत्नी श्री संतोष कुमार बारेशा | कृष्णा नगर (सुमेर) आवासीय कालोनी प्लॉट नं. 116 का 1/2 हिस्सा | लीज हस्तान्तरण |
| 17 | श्री महेश कुमार आ. श्री बसन्तीलाल | प्लॉट नं. 141 त्रिमूर्ति नगर आवासीय कालोनी पचपहाड | लीज हस्तान्तरण |
| 18 | श्री कालूलाल आ. श्री बसन्तीलाल | प्लॉट नं. 140 त्रिमूर्ति नगर आवासीय कालोनी पचपहाड | लीज हस्तान्तरण |
| 19 | श्री सुरज आ. श्री मांगीलाल | प्लॉट नं. ए-267 का पश्चिमी भाग अनन्त विहार आवासीय कालोनी | लीज हस्तान्तरण |
| 20 | श्री दिलीप कुमार जैन आ. श्री भंवरलाल जैन | बालाजी मंदिर की गली भवानीमण्डी | लीज हस्तान्तरण |
| 21 | श्री राहुल आचौलिया | प्लॉट नं. 50 व 51 पार्श्वनाथ विहार आवासीय कालोनी भवानीमण्डी | लीज हस्तान्तरण |
| 22 | श्रीमती सरिता देवी पत्नी श्री विनोद कुमार शर्मा | प्लॉट नं. ए-35 का दक्षिणी भाग अनन्त विहार आवासीय कालोनी भवानीमण्डी | लीज हस्तान्तरण |
| 23 | श्रीमती नैन कुंवर मेघवाल पत्नी श्री अनिल कुमार | प्लॉट नं. 22 अहिंसा नगर आवासीय कालोनी पशु अस्पताल के पीछे नई विकसित कालोनी भवानीमण्डी | लीज हस्तान्तरण |
| 24 | श्री लालचन्द आ. श्री भंवरलाल | प्लॉट नं. 48 अहिंसा नगर आवासीय कालोनी भवानीमण्डी | लीज हस्तान्तरण |
| 25 | श्रीमती निर्मला नागर पत्नी श्री हरीश नागर | प्लॉट नं. 49 का पश्चिमी भाग श्री कृष्ण आवासीय कालोनी माण्डवी | लीज हस्तान्तरण |
| 26 | श्री किशनलाल जाट आ. श्री रतनलाल जाट एवं श्री सुरेश चन्द जाट आ. श्री रतनलाल जाट | प्लॉट नं. 8 विनायक नगर आवासीय कालोनी भवानीमण्डी | लीज हस्तान्तरण |
| 27 | श्री विष्णु कुमार आ. स्व. श्री दूधा लाल | प्लॉट नं. 44 का पश्चिमी भाग रामनगर आवासीय कालोनी भवानीमण्डी | आवासीय कालोनी |
| 28 | श्री अब्दुल अजीज आ. श्री अब्दुल मजीद | प्लॉट नं. 46 शिक्षक नगर आवासीय कालोनी शिवालय रोड पर बनदे के पास भवानीमण्डी | आवासीय कालोनी |
| 29 | श्रीमती अफसाना बेगम पत्नी श्री मोहम्मद इशाक | साक्षी विहार आवासीय कालोनी प्लॉट नं. 89 न्यू बस स्टेण्ड के पास नई विकसित कालोनी भवानीमण्डी | आवासीय कालोनी |
| 30 | श्रीमती संगीता बाई पत्नी श्री कमलेश | न्यू दस खोली आवासीय कालोनी प्लॉट नं. 45 का दक्षिणी भाग भवानीमण्डी | आवासीय कालोनी |
| 31 | श्री कमलेश कुमार आ. श्री गंगाराम | प्लॉट नं. 108 बजरंग नगर 2 आवासीय कालोनी गंगपुरा भवानीमण्डी | आवासीय कालोनी |
| 32 | श्रीमती चंदा बाई पत्नी श्री पूनम चंद | बाबा रामदेव नगर आवासीय कालोनी प्लॉट नं. 24 गुराडिया भर्ता | आवासीय कालोनी |
| 33 | श्रीमती धन्नी बाई पत्नी श्री ईश्वरलाल मीणा | गंगा आवासीय कालोनी प्लॉट नं. 38 भवानीमण्डी | आवासीय कालोनी |
| 34 | श्री अमीन उद्दीन आ. श्री चांद मोहम्मद मंसूरी | रॉयल रेजीडेन्सी आवासीय कालोनी प्लॉट नं. 01 मेट्रो हॉस्पीटल के पास भवानीमण्डी | आवासीय कालोनी |
| 35 | श्री विनोद कुमार अग्रवाल आ. श्री कन्हैयालाल | प्लॉट नं. 43 अन्नपूर्णा रेजीडेन्सी कालोनी माण्डवी | आवासीय कालोनी |
| 36 | श्री मयंक अग्रवाल आ. श्री विनोद कुमार अग्रवाल | प्लॉट नं. 42 अन्नपूर्णा रेजीडेन्सी कालोनी माण्डवी | आवासीय कालोनी |
| 37 | श्री जानकी लाल मेहर आ. श्री विशनलाल | प्लॉट नं. 01 बजरंग नगर 2 आवासीय कालोनी भवानीमण्डी | आवासीय कालोनी |
| 38 | श्रीमती सरिता देवी पत्नी श्री विनोद कुमार शर्मा | अनन्त विहार आवासीय कालोनी प्लॉट नं. ए-35 का पूर्वी भाग व ए-35 का पश्चिमी भाग भवानीमण्डी | प्लॉट का पूर्नगठन |
| 39 | श्री सौभागमल जैन आ. स्व. श्री बापूलाल जैन | वार्ड नं. 13 सीमेन्ट गली भवानीमण्डी | अनापत्ति प्रमाण पत्र |
| 40 | श्री हरजीत सिंह आ. स्व. श्री करतार सिंह जी सिक्ख | नेहरु पार्क से भैरु मंदिर रोड पर वार्ड नं. 18 भवानीमण्डी | अनापत्ति प्रमाण पत्र |
| 41 | श्री युधिष्ठर परतानी आ. श्री राधेश्याम परतानी | विजय टॉकिज के पास वार्ड नं. 40 भवानीमण्डी | लीज हस्तान्तरण |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका भवानीमण्डी

# 70 से अधिक देशों की मुद्रा प्रदर्शनी 28 से 30 मार्च तक कोटा में

**कोटा, (निसं)।** तीन दिवसीय कोटा मुद्रा उत्सव 28,29,30 मार्च को कोटा में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश-विदेश के दुर्लभ सिक्के, नोट व अन्य सामग्री रहेगी। चेयरमैन लकेश डंडोना ने बताया कि कोटा फिलाटेली एवं न्यूमिजमाटिक सोसाइटी, रोटरी क्लब कोटा उत्तर के सहयोग से इसका आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ 4, बसंत विहार, डॉ. केके पारीख हॉस्पिटल के पास आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में देशभर से कोइन के संग्रहकर्ता आ रहे हैं। इस दौरान कार्यक्रम में निशुल्क प्रवेश रहेगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सोसायटी के सोसायटी अध्यक्ष नारायण चांडक, सोसायटी सचिव राम अवतार सारड़ा, कोषाध्यक्ष नरेंद्र के.आर. कात्याल, अध्यक्ष रोटरी क्लब कोटा नोर्थ, सुरेन्द्र अग्रवाल, सचिव रोटरी क्लब कोटा नोर्थ गौरव सूद का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। कोटा मुद्रा उत्सव में यूको बैंक एवं शुभम ग्रुप भी सहयोग प्रदान कर रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 28 मार्च को होगा जिसके मुख्य अतिथि संदीप शर्मा, विधायक कोटा दक्षिण रहेंगे। विशिष्ट अतिथि रो. प्रज्ञा मेहता, डिस्ट्रिक्ट गर्वनर (2025-2026) रहेंगी। विशेष अतिथि राहुल यादव, सीनियर सुपरिटेंड पोस्टल डिपार्टमेंट कोटा डिविजन फोस्टल होंगे। चेयरमैन लकेश डंडोना ने बताया कि इस प्रदर्शनी में 36 विभिन्न तरह की स्टॉल्स रहेंगी। इस प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए यूपी, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान सहित कई प्रदशों से संग्रहकर्ता आ रहे हैं।

- **प्लास्टिक नोट, दुर्लभ गीता, ताश के पत्ते, दुनिया का सबसे छोटा अखबार सहित कई दुर्लभ वस्तुओं का संगम होगा**
- **देश विदेश के 2700 साल पुराने सिक्को की अद्भुत दुनिया देखने को मिलेगी**

**पंचमार्क से लेकर अब तक के सिक्के होंगे:**-लकेश डंडोना ने बताया कि इसमें लोगों को देश ही नहीं विदेशों की विभिन्न रियासतों और भारत के विभिन्न कालखंड में प्रचलित मुद्राओं को देखने का अवसर मिलेगा। इस उत्सव में विभिन्न रियासतों के 800 प्रकार के सिक्के आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इस मुद्रा उत्सव में एक से बढ़कर एक सिक्के देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि यहां सबसे छोटा अखबार, पंचमार्क से लेकर आज तक के सिक्के यहां देखने को मिलेंगे साथ ही मनदीप सिहं सिखों की मिसलों के सिक्के, तरूण सिंगला के मुगल सिक्के, कश्मीर के सिक्के, ब्रिटिश कोइन होंगे। चमकोर सिंह के विश्व स्तरीय कलेक्शन यहां होंगे। शैलेष जैन द्वारा सील एंड सीलिंग होगी। गुरू गोविंद सिंह की सीलिंग रहेगी। पोस्टल डिपार्टमेंट का माई स्टेंप का स्टॉल रहेगा जहां लोग आनी स्टांप भी बनवा सकेंगे।

**पूरी दुनिया का एंटिक संग्रह भी होगा:**- इस प्रदर्शनी में सैकड़ों साल पुरानी छोटी गीता, पत्ते पर लिखी रामायण, एक इंच की गीता और कुरान, बाईबल रहेगी। 70 देशों की करंसी रहेगी, हस्तशिल्प ग्रंथ होंगे, चन्द्रशेखर आजाद को पकड़ने के लिए अंग्रेजों ने जो पोस्टर जारी किए थे वह पोस्टर रहेगा। भगत सिंह, राजगुरू एवं सुखदेव को फांसी दी गई थी वह पोस्टर भी डिस्प्ले होगा, पुरानी पत्थर व लकड़ी की स्लेट, आयरन पजल्स, दुनिया का बेशकीमती टोकन, गत्ते के सिक्के, कोडिया, दुनिया का पहला नोट, ताश के सबसे छोटे पत्ते, माचिस पर भगवान का फोटो, भारत की आजादी से लेकर अब तक के सिक्के और नोट, ढाई, डेढ़ रुपए, साढ़े सात के नोट, एजिजाबेथ पर बना नोट, शाही परिवारों के हथियार, मुगल काल की पत्थर की कलाकृतियां, सिखों की लकड़ी और तांबे की कलाकृतियां, सिख राज्यों के दुर्लभ दस्तावेज, दुर्लभ सिख मूल प्राचीन लघु चित्र, शाही परिवारों की दुर्लभ कैमरा तस्वीरें, दुनिया के सबसे छोटे चित्र पोस्ट कार्ड, दुनिया का सबसे छोटा कैमरा, दुनिया का सबसे छोटा सिख टोकन, दुनिया की सबसे छोटी पिस्तौल, दुनिया का सबसे छोटा ग्रामोफोन रिकॉर्ड, दुनिया की सबसे छोटी बोतल, दुनिया का सबसे छोटा वजन, दुनिया के मुद्राशास्त्रीय कवरों का सबसे बड़ा संग्रह, जीवाश्म, बल्ब, वस्त्र, स्याही, बर्तन, लघु पुस्तकें, हाथी दांत की पेंटिंग, टोकन, रिकॉर्ड, स्पूल, टेप, सबसे दुर्लभ पांडुलिपियाँ, सबसे दुर्लभ सिक्के, सबसे दुर्लभ टिकटों का संग्रह, एक ही नंबर वाले दुर्लभतम फैंसी नंबर नोट, माचिस और विश्व की कुछ अन्य दुर्लभ वस्तुएं पहली बार भारत में प्रदर्शित होंगी।

# कोटा ग्रामीण पुलिस महानिरीक्षक जय नारायण शेर दो दिवसीय वार्षिक निरीक्षण में पहुंचे



ग्रामीण पुलिस महानिरीक्षक जय नारायण शेर ने कोटा ग्रामीण पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक ली।

**कोटा, (निसं)।** कोटा ग्रामीण पुलिस महानिरीक्षक (सिविल राइट्स जयपुर) जय नारायण शेर दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को कोटा ग्रामीण पहुंचे।

उन्होंने कोटा ग्रामीण के सभी थानाधिकारियों, सीओ व उच्च अधिकारियों के साथ क्राईम मिटिंग की। जिसमें जिले के संबधित मुद्दो व अपराधों के बारे में जानकारी ली गई। दो दिवसीय दौरे पर आये कोटा ग्रामीण के पुलिस महानिरीक्षक ने क्राईम मिटिंग से पूर्व ग्रामीण पुलिस लाईन का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस जवानों द्वारा बलवा परेड का आयोजन किया गया। जिसमें डेमो के जरिये बताया गया कि दंगाईयो को पुलिस द्वारा कैसे नियंत्रित किया जाता है। इसके अलावा डॉग स्क्वायड द्वारा क्राईम सीन या अवैध बम डिस्पोजल आदि का भी डेमो दिया गया। पुलिस महानिरीक्षक के निरीक्षण के दौरान जवानों ने डेमो दिया गया कि नाकाबंदी के दौरान अपराधियों को कैसे रोककर उन पर कार्यवाही की जाती हैं। पुलिस महानिरीक्षक जय नारायण शेर ने पुलिस जवानों से खुला संवाद किया। उन्होंने कहा कि अगर जवानों की फिटनेस सही है तो सभी कामों को कुशलता से कर पायेंगे। उन्होंने कहा कि दिया हुआ काम समय पर करने से स्ट्रेस लेवल कम हो जाता है।

उन्होंने जवानो को नशे की आदत से बचने की भी अपील की। दो दिवसीय दौरे पर आये पुलिस महानिरीक्षक के निरीक्षण के दौरान कोटा ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीणा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# गृहस्थ जीवन में कर्मों को काटने के लिए भक्ति करना चाहिए : आचार्य प्रज्ञासागर महाराज

**भवानीमंडी, (निसं)।** गृहस्थ जीवन में कर्मों को काटने के लिए अनवरत रूप से भगवान की भक्ति करते रहना चाहिऐं। भक्ति दुखों को सहने की शक्ति देती है यह बात आचार्य प्रज्ञासागर महाराज द्वारा राधेश्याम मंदिर बगीची में आयोजित मंगल देशना के दौरान कहीं। जहां महाराज ने आचार्य मानतुंग स्वामी, सुकुमार मुनि, मुनि गजकुमार आदि मुनिराजों के उदाहरण के माध्यम से भक्ति की शक्ति के महत्व को बताया। यह जीव अनादि काल से संसार में भटक रहा है। जब कर्मों का उदय आता है तो अपने भी साथ छोड़ देते हैं।

पहले राजा भी धर्मनिष्ठ होते थे और प्रजा का न्याय करते थे। धर्म में जैसे को तैसे का सिद्धांत चलता है। समाज अध्यक्ष विजय जैन जूली ने बताया कि मंगल देशना के पश्चात संघ की आहारचर्या हुई वही दोपहर में स्वाध्याय करवाया गया। संध्या काल में नई सब्जीमंडी मित्र मंडल द्वारा आयोजित आनंद यात्रा में महाराज ने बताया कि चाहो तो पत्थर को भगवान बना सकते हैं, पर सबसे पहले आदमी को इंसान बना डालो। धर्म बाहर का नहीं भीतर का परिवर्तन मांगता है। आज का आदमी दोहरा जीवन जी रहा है। हम दूसरों को नहीं खुद को धोखा दे रहे हैं। बच्चे कच्ची मिट्टी के मानिंद है, अभिमन्यु के चक्रव्यूह भेदन का उदाहरण देते हुए बताया कि बच्चों की शिक्षा गर्भ से ही प्रारंभ कर देनी चाहिए। यही बच्चों को संस्कार देने का सही समय है। हर स्त्री को गर्भ धारण करने के साथ ही सात्विक जीवन जीना प्रारंभ कर देना चाहिए। बच्चों को राम बनाने के लिए पहले माता-पिता को दशरथ व कौशल्या बनना पड़ेगा। घर को स्वर्ग व नर्क बनाना हमारे ही हाथ में है। जिंदगी को जिंदगी की तरह आनंद से भरकर जीना चाहिए। जिनका मन सरल है उनके लिए धर्म सरल है।

बुधवार को आयोजित आनंद यात्रा में आचार्य की महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो दीपको से महाराज की आरती की गई। इसके पश्चात आचार्य द्वारा पालिकाध्यक्ष कैलाश बोहरा से कार्यकाल समाप्त होने से पूर्व नगर में नंदीशाला व पक्षी घर बनाने का की बात कही जिस पर पालिका अध्यक्ष द्वारा शीघ्रातिशीघ्र उचित स्थान मिलते ही पक्षीघर व नंदी शाला के निर्माण की बात कही। इस दौरान पालिका अध्यक्ष कैलाश बोहरा, कोटा जैन समाज अध्यक्ष, महामंत्री, दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष विजय जैन जूली, राजेश नाहर, ऋषभ जैन, महावीर जैन, अविनाश जैन, आलोक जैन, पार्षद संजय पाटनी, पार्षद सुगना गुर्जर, पार्षद पिंकी गुर्जर, अनीता जैन, आशा जैन, वर्षा जैन, प्रीति जैन शाहिद बड़ी संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे।

# रोडवेज बस में डोडा-चूरा सहित तस्कर गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** केन्द्रीय नाकोटिक्स ब्यूरो टीम ने झालावाड़ से जयपुर जा रही रोड़वेज बस में कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ 18.820 किलोग्राम डोडा चूरा सहित तस्कर को गिरफ्तार किया है।

- **19 पैकेट कुल 18.820 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पकड़ा**

केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के सहायक नारकोटिक्स आयुक्त जबर सिंह राजपुरोहित ने बताया कि केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थे की तस्करी की रोकथाम के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे है। उन्होने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि झालावाड़ से जयपुर जा रही रोड़वेज बस में एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा लेकर जा रहा है। उक्त सूचना पर झालावाड से जयपुर जा रही रोड़वेज बस को रोककर चेक किया गया तो बस में यात्रा कर रहे एक व्यक्ति के पास से 1 किलोग्राम लगभग के 19 पैकेट कुल 18.820 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा बरामद किया। अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा बरामद होने पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। मामले में आगे की कार्यवाही जारी है।

# चिकित्सा शिविर आयोजित

**कोटा, (निसं)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वाधान में शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, गोविंद नगर, कोटा द्वारा वार्ड 12, बॉम्बे योजना ब्लॉक प्रथम, डीसीएम रोड, कोटा में नि:शुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ.परवेज खान, फिजीशियन डॉ.हिदायत पठान, एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.गिरीश श्रृंगी ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर के प्रभारी गिरीश शर्मा ने बताया कि शिविर में महिलाओं एवं मौसमी बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया, स्वाइन फ्लू की रोकथाम हेतु आई.ई.सी. गतिविधियाँ आयोजित की गईं। साथ ही, डेंगू के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लार्वा प्रदर्शन किया गया तथा आभा आईडी एवं पीएमजेएवाई ई-केवाईसी की प्रक्रियाएँ पूर्ण की गईं। शिविर में कुल 74 मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की गई।

# चैत्र नवरात्र : 30 मार्च से माता की भक्ति में रमेंगे श्रद्धालु

**छबड़ा (निसं)।** 30 मार्च से चैत्र नवरात्र शुरू हो रहें हैं। इस दिन शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ ही माता की भक्ति का क्रम शुरू हो जाएगा। यहां के विभिन्न माता मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान होंगे। गुगोर स्थित बीजासन माता मंदिर में माता का विशेष श्रृंगार होगा। यहां नौ दिन तक दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमडेगी। नवरात्र में मलमास चलने से मांगलिक कार्यो पर बैन रहेगा। नवरात्र खत्म होने के सप्ताहभर बाद शहनाइयां गूंजेगी। अप्रेल से दिंसबर तक शादियों के 30 मुहूर्त हैं। इनमें से सबसे ज्यादा शादियां अप्रेल से जून के बीच रहेगी।

हिंदू पंचांग के अनुसार, चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 29 मार्च शाम 4 बजकर 27 मिनट से शुरू हो रहा है, जो 30 मार्च दोपहर 12 बजकर 49 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में चैत्र नवरात्रि का आरंभ 30 मार्च से हो रहा है, जो 6 अप्रैल को रामनवमी के साथ समाप्त होगी। ज्योतिषों की दृष्टि से नवरात्र खास है। ज्योतिष के अनुसार इस साल माता हाथी पर सवार होकर आ रही है।

देश के लिए यह शुभ संयोग है। हाथी को सुख, समृद्धि और शांति का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि जिस वर्ष मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आती हैं और प्रस्थान करती हैं। उस वर्ष देश में अच्छी वर्षा होती है। जिससे फसलों की पैदावार में वृद्धि होती है। इसके अतिरिक्त, धन-धान्य में भी वृद्धि होती है।

नवरात्र पर मलमास का असर जरूर रहेगा। 15 मार्च से शुरू हुआ मलमास 15 अप्रेल तक रहेगा। जिससे इस अवधि में किसी भी तरह के मांगलिक कार्य वर्जित रहेंगे। इसके अलावा इस साल चैत्र नवरात्र आठ दिन की मानी जा रही है। क्योंकि इस नवरात्रि में पंचमी तिथि का छय हो रहा है। इस बार चैत्र नवरात्रि में चौथा और पांचवां दिन एक साथ पड़ रहा है। इस कारण नवरात्र का एक दिन कम हो गया है।

इधर, चैत्र नवरात्र के सात दिन बाद शहनाइयां फिर गूंजने लगेगी। 15 अप्रेल को मलमास खत्म होते ही मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। अप्रेल से शुरू होने वाले मांगलिक कार्य जून तक चलेंगे। फिर जुलाई से अक्टूबर तक मांगलिक कार्य थमने के बाद नवंबर और दिसंबर में शादियां रहेगी। अप्रेल से जून तक शादियों के 23 मुहूर्त रहेंगे। इनमें केवल अप्रेल में 10 मुहूर्त रहेंगे। पहला शुभ मुहूर्त सुबह 6.13 बजे से सुबह 10.22 बजे तक है।

# जिला अस्पताल में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया

**बूंदी (निसं)।** जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने बुधवार को बूंदी शहर का दौरा किया। उन्होंने जैतसागर नाले के निर्माण की प्रगति देखी और खेल संकुल में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर परिषद के नव निर्मित भवन का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी ली एवं जिला अस्पताल में चल रहे विकास कार्यों के साथ ही नवल सागर झील का भी निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने मीरां गेट व महावीर कॉलोनी क्षेत्र में हो रहे जैतसागर नाले के निर्माण की प्रगति देखी और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में लगी टीमों की संख्या बढ़ाकर निर्माण कार्य में गति लाएं। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले नाले के निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया जाए, ताकि आमजन को किसी तरह की परेशानी ना हो। साथ ही कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने खेल संकुल परिसर में संचालित तरणताल का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि तरणताल का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार विभिन्न माध्यमों से किया जावें ताकि आमजन को गर्मियों में इसकी सुविधा का लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में निर्माणाधीन मल्टीपरपज हॉल के कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए गति बढ़ाई जावें।

# नेत्र सर्जन डॉ. सुरेश पाण्डेय हाड़ौती लिगेसी अवॉर्ड से सम्मानित

**कोटा, (निसं)।** सुवि नेत्र चिकित्सालय एवं लेसिक लेजर सेन्टर कोटा के निदेशक एवं वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ.सुरेश पाण्डेय को नेत्र चिकित्सा और हाड़ौती व कोटा की विरासत, इतिहास व पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयासों के लिए 'हाड़ौती लिगेसी अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।

होटल माहेश्वरी रिसोर्ट में आयोजित हुए इस सम्मान समारोह में फिल्म अभिनेत्री मनारा चौपड़ा द्वारा डॉ.सुरेश पाण्डेय को उत्कृष्ठ नेत्र चिकित्सा सेवाओं के लिए दिया गया। यह सम्मान समारोह कार्यक्रम अर्बन हेराल्ड समाचार-पत्र के सौजन्य से आयोजित किया गया। जिसमें शहर के अन्य गणमान्य नागरिक भी थे।

कार्यक्रम में 'ए विण्डो टू द वर्ल्ड ऑफ वण्डर' एवं 'ड्रीम बिग फ्लाई हाई' नामक पुस्तकों की लेखिका इशिता पाण्डेय को यंग ऑर्थर अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया। डॉ. पाण्डेय ने इशिता पाण्डेय द्वारा लिखित 'ए विण्डो टू द वर्ल्ड ऑफ वण्डर' नामक पुस्तक भी मनारा चौपड़ा को भेंट की, जिसकी प्रशंसा उन्होंने की।




नेत्र सर्जन डॉ. सुरेश पाण्डेय हाड़ौती लिगेसी अवॉर्ड से सम्मानित हुए।


वित्त मंत्रालय MINISTRY OF FINANCE
सत्यमेव जयते

## जीएसटी करदाता ध्यान दें!

जिन करदाताओं का सकल वार्षिक टर्नओवर # एक विनिर्दिष्ट सीमा * तक है वे वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जीएसटी कंपोजिशन योजना का विकल्प 31 मार्च, 2025 तक चुन सकते हैं।

पात्र करदाता, जो कंपोजिशन योजना का लाभ उठाने के इच्छुक हैं, वे जीएसटी पोर्टल (www.gst.gov.in) पर निम्न प्रक्रिया द्वारा कंपोजिशन योजना का विकल्प चुन सकते हैं:



करदाता इंटरफेस पर लॉगिन करें
'Services > Registration > Application to Opt for Composition Levy' पर जाएं
फॉर्म GST CMP-02 भर कर जमा करें

पहले से कंपोजिशन योजना का लाभ उठा रहे पात्र करदाताओं को फॉर्म GST CMP-02 दाखिल करना आवश्यक नहीं है

आसान और सुविधाजनक अनुपालन
आकर्षक कर दरें
न्यूनतम अनुपालन आवश्यकताएं
स्वतः नवीकरण और योजना को छोड़ना भी सरल
माल एवं सेवाओं की आपूर्तिकर्ताओं के लिए उपलब्ध
कम बही खातों की आवश्यकता

| * आपूर्तिकर्ताओं के प्रकार | | # वित्त वर्ष 2024-25 में सकल वार्षिक टर्नओवर |
| --- | --- | --- |
| माल के आपूर्तिकर्ता | 08 विनिर्दिष्ट राज्यों में पंजीकृत करदाता | रु. 75 लाख तक |
| | अन्य राज्यों में पंजीकृत करदाता | रु. 150 लाख तक |
| सेवाओं के आपूर्तिकर्ता | | रु. 50 लाख तक |

अधिक जानकारी के लिए कृपया जीएसटी अधिनियम की धारा 10, सीजीएसटी नियम 3 से 7 और अधिसूचना सं. 14/2019-केन्द्रीय कर दिनांक 07.03.2019, को देखें।

जीएसटी कंपोजिशन योजना: छोटे करदाताओं के लिए बड़े लाभ

कृपया स्कैन करें

CBC 15502/13/0010/2425

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड
@cbicindia @cbic_india @cbicindia @cbicindia @CBIC india

